**आवश्यक / महत्वपूर्ण**
**/ वाणिज्य कर**

पत्र संख्या–आई0एम0सी0 / 2019–20 / 103

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर,
(इन्वेस्टिगेशन मॉनिटरिंग सेल)
लखनऊ::दिनॉकः: मई::15,2019

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2,**
**(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

**विषयः– माह–अप्रैल 2019 में प्रेषित माह–दिसम्बर 2018 की वि0अनु0शा0 जाँचों के 02 महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा के सम्बन्ध में।**

मुख्यालय के पत्र संख्या–249 दिनांक 25.03.2019 से दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सभी 20 जोन से प्राप्त महत्वपूर्ण वि0अनु0शा0 मामलों की समीक्षा रिपोर्ट का अवलोकन मुख्यालय स्तर पर किये जाने पर पायी गयी कमियों / विसंगतियों का जोनवार विवरण इस पत्र के साथ संलग्न चार्ट के अनुसार प्रेषित किया जा रहा है। संलग्न चार्ट के रिमार्क कॉलम में अंकित कमियों / विसंगतियों के दृष्टिगत जोन स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही अपेक्षित हैः–

(1) आप द्वारा प्रेषित की गयी समीक्षा रिपोर्ट व विभागीय एस0आई0बी0 मॉड्यूल पर उपलब्ध विवरणों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि वि0अनु0शा0 अधिकारियों द्वारा एस0आई0बी0 मॉड्यूल में सावधानीपूर्वक सभी अपेक्षित प्रविष्टियाँ नहीं की जा रही हैं। अतः अपने–अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस आशय के कड़े निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें कि एस0आई0बी0 मॉड्यूल के कॉलम के अनुसार सही व स्पष्ट प्रविष्टियाँ अंकित की जायें।

(2) वि0अनु0शा0 जाँच के उक्त महत्वपूर्ण प्रकरणों में से कई प्रकरण ऐसे पाये गये जिनमें मॉड्यूल पर अंकित जमा कर व अर्थदण्ड की धनराशि एवं आप द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में अंकित धनराशि में भिन्नता है।

(3) आप द्वारा प्रेषित वि0अनु0शा0 जाँच के उक्त महत्वपूर्ण प्रकरणों में से कई प्रकरणों में प्राइमरी रिपोर्ट में अंकित करापवंचित धनराशि व फाइनल रिपोर्ट में अंकित करापवंचित धनराशि में काफी अन्तर है। उल्लेखनीय है कि वि0अनु0शा0 जाँच के पश्चात् अपवंचित कर का आकलन ठोस तथ्यों के आधार पर किया जाना अपेक्षित होने के बावजूद प्राइमरी रिपोर्ट में अंकित अपवंचित कर की धनराशि व फाइनल रिपोर्ट में अंकित अपवंचित कर की धनराशि में उल्लेखनीय अन्तर होना उचित नहीं रहा है।

(4) माह–दिसम्बर 2018 में प्रदेश में उक्त 40 मामलों में से 03 माह की अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद 18 प्रकरणों में इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट न्याय निर्णयन अधिकारी को प्रेषित नहीं की गयी है, जबकि महत्वपूर्ण जाँच होने के कारण ऐसे प्रकरणों में 03 माह के अन्दर इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट प्राथमिकता के आधार पर प्रेषित किया जाना चाहिये, ताकि ऐसे प्रकरणों में कर व अर्थदण्ड का निर्धारण समय से किया जा सके।

(5) एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर, **नोयडा, गोरखपुर, प्रयागराज एवं लखनऊ जोन द्वितीय** द्वारा मुख्यालय के उक्त परिपत्र संख्या–249 दिनांक 25.03.2019 से दिये गये निर्देशों के अनुपालन में स्वयं कोई समीक्षा नहीं की गयी है, वरन् अपने अधीनस्थ अधिकारियों की रिपोर्ट को अग्रसारित कर दिया गया है, जो कि मुख्यालय के उक्त परिपत्र से दिये गये निर्देशों की अवहेलना का परिचायक है। अतः अपेक्षित है कि आगामी माहों में समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर अपने स्तर पर वि0अनु0शा0 जाँच के 02 महत्वपूर्ण मामलों की स्वयं समीक्षा करके उसकी रिपोर्ट मुख्यालय प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया करें।

क्रमशः पृष्ठ–2 पर....

(6) मुख्यालय के परिपत्र संख्या–249 दिनांक 25.03.2019 से दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपंजीकृत फर्मों के चिह्नीकरण की नियमित कार्यवाही कराया जाना अपेक्षित है। अतः समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर प्रतिमाह अपंजीकृत फर्मों के चिह्नीकरण की नियमित कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करते हुये समीक्षा रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया करें।

(7) बोगस फर्मों से सप्लाई प्राप्त करने वाली अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही की समीक्षा जोन स्तर पर नहीं की जा रही है। अतः समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर प्रतिमाह बोगस फर्मों से सप्लाई प्राप्त करने वाली अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा किया जाना सुनिश्चित करते हुये समीक्षा रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया करें।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई के साथ स्वयं अनुपालन करते हुये अपने अधीनस्थ अधिकारियों से उसका अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये संलग्न चार्ट में अंकित कमियों का निराकरण कराते हुये आख्या इस पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**<u>संलग्नक–यथोक्त।</u>**

**( अमृता सोनी )**
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

## माह अप्रैल–2019 में प्रेषित माह दिसम्बर 2018 के 02 महत्वपूर्ण वि0अनु0शा0 मामलों की रिपोर्ट

| ZONE | GSTIN/FIRM | REMARK |
|---|---|---|
| 1-AGRA | 09AABFB2921J1ZN/ BIDHI CHAND AGARWAL AND SONS | –केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुसार प्रविष्टि अंकित नहीं की गई है व सभी में other अंकित है।<br>–रिपोर्ट में 6 लाख कर व अर्थदण्ड जमा कराना वर्णित है, जबकि मॉडयूल में 12 लाख दर्शाया गया है। इस अन्तर का कारण स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09ACVPJ7335A1ZF M/S SHREE MAHAVEERJI TRADING CO. | –रिपोर्ट में जी0एस0टी0आई0एन0 त्रुटिपूर्ण है।<br>–केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप प्रविष्टि नहीं की गई है। सभी शीर्षक में एक ही सूचना other अंकित है। शीर्षक के अनुसार प्रविष्टि अपेक्षित है। |
| 2-ALIGARH | 09AACFT5983D1ZX TERA MALLEABLE CASTING INDUSTRIES | –केस प्रोफाइल के सभी शीर्षक में एक ही सूचना other अंकित किया गया है। modus operandi of tax evasion रिक्त है। प्राइमरी रिपोर्ट में रु0 173.67 लाख का करापवंचन दर्शाया गया है, जबकि फाइनल रिपोर्ट में रु0 16.20 लाख का करापवंचन दर्शाया गया है। उक्त उल्लेखनीय अन्तर औचित्यपूर्ण नहीं है। इस अन्तर का कारण अपेक्षित है। |
| | 09AAECB7280L1Z8 HARILAXMI ALLOYS PRIVATE LIMITED | –रिपोर्ट में कम पाए गए स्टाक पर रू0 645831 कर व 15 प्रतिशत की दर से रू0 96874.65 पेनाल्टी जबकि मॉड्यूल में शून्य दर्शाया गया है। इस अन्तर का कारण अपेक्षित है। |
| 3-AYODHYA | 09BRJPK8057J1Z6 MANGLAM ENTERPRISES | अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा का विवरण अंकित नहीं है, जिसे किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09ADDPF7233N2ZA SONI TRADERS | अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा का विवरण अंकित नहीं है, जिसे किया जाना अपेक्षित है। |
| 4-BAREILLY | 09AAQPA6262Q1Z0 M/S BANBARI LAL JAGGANNATH PRASAD | –प्राइमरी रिपोर्ट अपलोड नहीं की गयी है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। एडी0कमि0 ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में फाइनल रिपोर्ट प्रेषित दर्शाया गया है, जबकि माड्यूल मे NOT SENT प्रदर्शित है। इसके सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09AIWPK2377E1ZS M/S A K ENTERPRISES | –माड्यूल में केस प्रोफाइल के शीर्षक के अंतर्गत प्रविष्टि नहीं की गयी है। modus operandi रिक्त रखा गया है। प्रेषित समीक्षात्मक रिपोर्ट मॉड्यूल की प्रविष्टियों के अनुरूप नहीं है। फाइनल रिपोर्ट 90 दिन की अवधि व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। एडी0कमि0 ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में फाइनल रिपोर्ट प्रेषित दर्शाया गया है। जबकि माड्यूल मे NOT SENT प्रदर्शित है। इसके सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| 5-ETAWAH | 09CCCPK6915J1ZC M/S AMIT TRADERS | –माड्यूल में tax evaded in प्राइमरी रिपोर्ट 15.00 लाख अंकित है, जबकि फाइनल रिपोर्ट में 5.02 लाख प्रदर्शित है। इस अन्तर का कारण अपेक्षित है। |
| | 09AQVPS0690P1ZM FIROZABAD TENT HOUSE | Modus Oprendi of Tax Evasion के समक्ष कोई प्रविष्टि नहीं है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |

15/05/19

| | | |
|---|---|---|
| **6-GAUTAMBUDH NAGAR** | 09AABCS4701N1Z6 SUNVOICE ELECTRONICS PVT LTD | –केस प्रोफाइल के तीनों शीर्षक में एक प्रविष्टि की गई है। Modus operandi of tax evasion के सम्मुख रिक्त रखा गया है। प्राइमरी रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा स्वयं कोई समीक्षा नहीं की गयी है। केवल अधीनस्थ अधिकारी से रिपोर्ट अग्रसारित की गयी है। |
| | 09AHUPV8621R1ZW OM TRADING CO. | –केस प्रोफाइल के सभी शीर्षक रिक्त प्रदर्शित हो रहे है। –रजिस्ट्रेशन कैन्सिलेशन में कोई फीडिंग नहीं की गई है, जबकि फर्म का पंजीयन दिनांक 04.12.18 से निरस्त है। स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| **7-GHAZIABAD-I** | 09BVJPS5307R1ZN M/S RUDRA ENTERPRISES | पंजीयन दिनांक 23.01.2019 से कैन्सिल्ड है, किन्तु माडयूल में प्रविष्टि नहीं है। माड्यूल के केस प्रोफाइल में कोई प्रविष्टि अंकित नही है। मोडस ऑपरेन्डी आफ टैक्स इवेजन के सम्मुख रिक्त रखा गया है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा रिपोर्ट में 5.04 लाख जमा कराया जाना सूचित किया गया है, जबकि माड्यूल में यह जमा राशि प्रदर्शित नहीं हो रही है।स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09CBNPS9256C1Z2 M/S DESIGNER SHOES | प्राइमरी रिपोर्ट में रु0 12 लाख का करापवंचन रिपोर्ट किया गया है, जबकि फाइनल रिपोर्ट में करापवंचन शून्य दर्शाया गया है। केस प्रोफाइल के विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत एक ही प्रविष्टि की गयी है। माड्यूल में सीजर वैल्यू 9.77 लाख प्रदर्शित है, जबकि रिपोर्ट में सीजर वैल्यू 7.75 दर्शाया गया है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में जी0एस0टी0आई0एन0 भी त्रुटिपूर्ण अंकित किया गया है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) के स्तर से कोई समीक्षा न किया जाना स्पष्ट होता है। |
| **8-GHAZIABAD-II** | 09AAFCA7445K1ZB AYESHA STEELS PRIVATE LIMITED | माड्यूल में केस प्रोफाइल के अन्तर्गत मोडस ऑपरेन्डी आफ टैक्स इवेजन के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं है। रिपोर्ट में रु0 34.82 लाख का स्टाक कम पाये जाने पर रु0 12.53 लाख कर/अर्थदण्ड जमा कराये जाने का उल्लेख कर माल अवमुक्त किया जाना बताया गया है। कम पाये गये माल की अवमुक्ति का कोई औचित्य नहीं है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। |
| | 09CYLPM0476M2ZP M/S NEW SUN SHINE TRADERS | प्रेषित रिपोर्ट में फर्म का जी0एस0टी0आई0एन0 त्रुटिपूर्ण है। माड्यूल के केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुसार प्रविष्टि न करके एक की प्रविष्टि कई बार की गयी है। मोडस आपरेन्डी के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं है। nonexistent पंजीयन दिनांक 14.12.2018 से कैन्सिल्ड है। अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही की मानीटरिंग का विवरण अंकित नहीं है। स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| **9-GORAKHPUR** | 09ATXPD5393D1Z8 M/S DHARMESH TRADING COMPANY | एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा समीक्षात्मक रिपोर्ट के स्थान पर डिप्टी कमिश्नर/ज्वाइंट कमिश्नर की रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित की गयी है। प्रेषित रिपोर्ट में फर्म का जी0एस0टी0आई0एन0 त्रुटिपूर्ण है। माड्यूल के केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुसार प्रविष्टि न करके एक की प्रविष्टि कई बार की गयी है। मोडस आपरेन्डी के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं है।फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा कोई समीक्षा नहीं की गयी है। |

15/05/19

| | | |
|---|---|---|
| | 09AABCI1822N1ZG INTROSPECTIVE DECTECTIVE Pvt. Ltd | एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा समीक्षात्मक रिपोर्ट के स्थान पर डिप्टी कमिश्नर/ज्वाइंट कमिश्नर की रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित की गयी है। एडी0कमि0ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा कोई समीक्षा नहीं की गयी है। जी0एस0टी0आई0एन0– 09AABCI1822N1ZG फर्म–INTROSPECTIVE DECTECTIVE Pvt. Ltd. माड्यूल में कहीं भी प्रदर्शित नहीं हो रही है। विसंगति हेतु स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| **10-JHANSI** | 09BYRPK3605D1ZD M/S JAI SRI BALAJI TRADERS, | केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप प्रविष्टि नहीं है। रु0 62.59 का मेथा आयल अभिग्रहीत किया गया और प्राथमिक अनुमानित अपवंचित कर रु0 7.51 दर्शाया गया है। 15.20 लाख की बैंक गारन्टी जमा कराई गई है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। |
| | 09HIBPS2319G1Z4 Jagdambey Ispat Udyog | केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप वांछित प्रविष्टियॉ नहीं है। फर्म non-existent पाई गई। सर्च डिटेल्स के कमांक 14 पर registration cancelled after search में कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। जबकि प्राइमरी रिपोर्ट के अनुसार फर्म द्वारा रु0 500 लाख का ई–वे बिल डाउनलोड किया गया है तो primary evaded tax शून्य कैसे दर्शाया गया है। फर्म का पंजीयन दि0 28.12.18 से निरस्त है। उक्त फर्म से माल की आपूर्ति प्राप्त करने वाली अनुवर्ती फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही का कोई विवरण अंकित नहीं है। |
| **11-KANPUR-I** | 09AABCD6215C1Z3 M/S KAPOOR FLEXIBLE PACKAGING PVT. LTD | केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप प्रविष्टिं न कर के एक ही प्रविष्टि तीन बार की गई है। modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं है। 49.82 लाख के अनुमानित मूल्य पर रु0 17.20 लाख कर/अर्थदण्ड जमा है जो माड्यूल में प्रदर्शित हो रहा है। |
| | 09AMIPJ7081J2ZK M/S PRAKASH TRADERS | केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप कोई प्रविष्टि नहीं है। modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई विवरण नहीं हैं। प्राइमरी रिपोर्ट अपठनीय है। फर्म से आपूर्ति प्राप्त कर्ता व्यापारियों (अनुवर्ती फर्मों) के विरूद्ध कार्यवाही अपेक्षित है। |
| **12-KANPUR-II** | 09AADCP5953D1ZC PREMIER METCAST PRIVATE LIMITED | कम पाए गए MS BILLET के स्टाक पर रु0 65.79 लाख कर/अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया है।फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। रिपोर्ट प्रेषण के सम्बन्ध में कार्यवाही अपेक्षित है। |
| | 09AADFR6755L1ZL RAKESH SANDAL INDUSTRIES | सर्च डिटेल्स के कमांक 12 पर प्राइमरी रिपोर्ट के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। प्रविष्टि किया जाना अपेक्षित है। |
| **13-LUCKNOW-I** | 09APPPS0868G1Z9/ M/S S.S.CONTRUCTION CO | केस प्रोफाइल में विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत एक ही प्रविष्टि की गई है तथा modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई हैं। अपलोड की गई प्राइमरी रिपोर्ट में 400 लाख का सम्भावित अपवंचन दर्शाया गया है। जबकि सर्च डिटेल्स के कमांक 13 पर primary estimation of evaded tax 48.00 लाख प्रदर्शित है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 की रिपोर्ट में 2.52 करोड़ कर के रूप में जमा दर्शाया गया है जो माड्यूल में प्रदर्शित नहीं हो रहा है।फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |

15/05/1

| | | |
|---|---|---|
| | 09AASCS1068B1Z8/<br>S S INFRAZONE PRIVATE LIMITED | एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में रु0 2.25 करोड़ कर के रूप में जमा कराना दर्शाया गया है, जो माड्यूल में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| **14-LUCKNOW-II** | 09BRYPG6764M1ZN/<br>Om Sai Traders | एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा समीक्षात्मक रिपोर्ट के स्थान पर डिप्टी कमिश्नर की रिपोर्ट को संलग्न कर प्रेषित किया गया है। माड्यूल में 205 लाख का अभिग्रहण प्रदर्शित है, जबकि क्रमांक 13 पर primary estimation of tax evaded शून्य दर्शाया गया है।फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा स्वयं कोई समीक्षा नहीं की गयी है। डिप्टी कमिश्नर (वि0अनु0शा0) रेन्ज–सी, लखनऊ की समीक्षा रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित कर दी गयी है, जो उचित नहीं है। |
| | 09AABTM7612F1ZM/<br>M/S MARUTI MAHILA SWAWALAMBI SANSTHAN | Case profile में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। अपलोड की गई प्राइमरी रिपोर्ट में रु0 20 लाख तत्काल जमा कराने का उल्लेख है, जो न तो माड्यूल में कहीं प्रदर्शित है और न ही एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा प्रेषित की जाने वाली रिपोर्ट में कहीं वर्णित है। tax evasion in primary report माड्यूल में शून्य प्रदर्शित है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (वि0अनु0शा0) द्वारा स्वयं कोई समीक्षा नहीं की गयी है। डिप्टी कमिश्नर (वि0अनु0शा0) रेन्ज–सी, लखनऊ की समीक्षा रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित कर दी गयी है। |
| **15-Meerut** | 09AASHR4424H1ZP/<br>SHIVAY ENTERPRISES | केस प्रोफाइल में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नही है। |
| | 09CMVPM3682B1ZL/<br>SARASWATI TRADERS | केस प्रोफाइल में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। फर्म अस्तित्वहीन पाई गई। GSTIN-Cancelled है, किन्तु सर्च डिटेल मे पंजीयन से संबधित फीडिंग नहीं की गयी है। |
| **16-MORADABAD** | 09AAACO8245J1Z4/<br>OM METALS INFRAPROJECTS LIMITED | केस प्रोफाइल में शीर्षक के अनुरूप प्रविष्टि नहीं की गई है। modus operandi of tax evasion के सम्मुख रिक्त रखा गया है। Search details के क्रमांक 13 पर primary estimation of tax evaded के सम्मुख शून्य अंकित किया गया है। primary report अपलोड नहीं किया गया है।फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी माड्यूल मे not sent प्रदर्शित हो रहा है, जबकि समीक्षात्मक रिपोर्ट मे फाइनल रिपोर्ट प्रेषित दिखाया गया है। इसके सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09AGWPG8402A1ZF/<br>M/S PANKAJ FOAM HOUSE | Search details में primary report अपलोड नहीं किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में कार्यवाही अपेक्षित है। |

15/05/19

| | | |
|---|---|---|
| **17-PRAYAGRAJ** | 09ARBPA8533G1ZZ/ AGRAWAL BROTHERS | modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। search details के क्रमांक 12 पर प्राइमरी रिपोर्ट के सम्मुख की गई फीडिंग पठनीय नहीं है। फर्म अस्तित्वहीन पाई गई और पंजीयन केन्द्रीय प्राधिकार के अन्तर्गत कियाशील है।एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 द्वारा स्वयं समीक्षा न कर के डिप्टी कमिश्नर की रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित किया गया है, जो उचित नहीं है। |
| | 09DGXPK0289K1ZH/ M/S SANDEEP TRADERS | modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। प्राइमरी रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई है। 15 लाख का माल अभिग्रहीत किया गया है और tax evasion in primary report Rs. 5.00 लाख दर्शाया गया है। फाइनल रिपोर्ट भी 90 दिन व्यतीत हो जाने के बाद प्रेषित नहीं की गयी है। |
| **18-SAHARANPUR** | 09FMRPK8224G1ZI JAI AMBE TRADING CO | अस्तित्वहीन फर्म के registration cancelled after search वाले कमांक पर No अंकित किया गया है। Primary report की PDF file अपलोड नहीं की गई है। |
| | 09BISPR3237B3ZZ SHRI BALA JI PAPERS | फर्म अस्तित्वहीन पाई गई। पंजीयन केन्द्रीय प्राधिकार के अंतर्गत एक्टिव है। Primary report की PDF file अपलोड नहीं की गई है। |
| **19-VARANASI-I** | 09AAHCS1143C1ZP/ M/S S.A.IRON AND ALLOYS PVT.LTD. | SMS module के case profile details में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। इनवेस्टिगेशन रिपोर्ट 90 दिन से अधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त भी प्रेषित नहीं है। |
| | 09AARFB1585E1Z8/ BANARAS INDUSTRIES | SMS module के case profile details में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। इनवेस्टिगेशन रिपोर्ट 90 दिन से अधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त भी प्रेषित नहीं है। |
| **20-VARANASI-II** | 09ADAPS2850B1ZT/ M/S SRI SHYAM FULES | SMS module के case profile details में modus operandi of tax evasion के सम्मुख कोई प्रविष्टि नहीं की गई है। प्राइमरी रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई है। प्राइमरी रिपोर्ट में रु0 12.05 लाख का करापवंचन दर्शाया गया है, जबकि फाइनल रिपोर्ट में शून्य दर्शाया गया है। अन्तर के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है। |
| | 09AADCR9244F1Z6/ R L J CONCAST PRIVATE LIMITED | 90 दिन से अधिक व्यतीत हो जाने के बाद भी फाइनल रिपोर्ट प्रेषित नहीं की गयी है। रिपोर्ट प्रेषण के सम्बन्ध में कार्यवाही अपेक्षित है। |

15/05/19

(अजय कुमार सिंह)
डिप्टी कमिश्नर (आई०एम०सी०)
वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।